क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एसपीएल–2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षैका किश/पीयूबी–118/ दिनांक :

पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री गणेश ग्रेनाइट रेफरेंस संख्या 20191000010130 खसरा संख्या 204, 205, 206/3, 207/1 एवं 207/2 ग्राम डूंगरी कलां द्वारा ग्रेनाइट एवं मैसनरी स्टोन खनिज क्लस्टर खनन परियोजना ग्राम–डूगरी कलां, तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है:–

क्र. स.	प्रोजेक्ट का नाम	खनन पटटा/रेफरेंस संख्या	क्षेत्रफल हैक्टेयर में	खनिज	उत्पादन क्षमता
1	मैसर्स श्री गणेश ग्रेनाइट	20191000010130	1.1046	ग्रेनाइट	104888टीपीए (आर.ओ.एम.)
2	श्री शंकर लाल रैगर	201810000770 (एम. एल. सं. 12/2018)	1.3480	ग्रेनाइट	71400 टीपीए
3	श्री जीले सिंह	201810000322	1.0115	ग्रेनाइट	115000 टीपीए
4	मैसर्स हिमांशी ग्रेनाइट	36/2007	1.0	ग्रेनाइट एवं मैसनरी स्टोन	95617.50 टीपीए
5	श्री छिगना राम	20191000011619	1.2329	ग्रेनाइट	125026 टीपीए
6	मैसर्स हिमांशी ग्रेनाइट	20191000011606	2.4896	ग्रेनाइट	396597.60 टीपीए
7	श्री धमेन्द्र बैरवा	2019100006875	1.19	ग्रेनाइट	135384 टीपीए
8	मैसर्स रूप रजत ग्रेनाइट	201810000623	2.999	ग्रेनाइट	283580 टीपीए
9	मैसर्स श्री सांई ग्रेनाइट	2019100008340	1.9341	ग्रेनाइट	135946.40 टीपीए

कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 14.3097 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–1463439.50 टीपीए ग्राम डूंगरी कलां, तहसील मालपुरा, जिला टोंक से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि मैसर्स श्री गणेश ग्रेनाइट ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एव पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार समूह लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।

3. उक्त समूह खनन परियोजना से सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :–
   1. जिला कलक्टर, टोंक।
   2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, झालाना संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला–अजमेर।
   5. तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक।
   6. राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम डूंगरी, तहसील मालपुरा, जिला टोंक।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय/पर्यावरण/2021/5475 दिनांक 16.07.2021 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु **दिनांक 01/09/2021 को प्रातः 11:00 बजे, स्थान – राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम डूंगरी, तहसील मालपुरा, जिला–टोंक** में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ, जिला–अजमेर को भी दिये जा सकते है।

(दीपक तंवर)
पर्यावरण अभियंता एवं क्षैत्रीय अधिकारी